# KM-GEO.(H&E)

# 2019
## GEOGRAPHY

**Time—Three Hours Fifteen Minutes**

*(First FIFTEEN minutes for reading the question paper only)*

**Full Marks — 90**

(For Regular and Sightless Regular Candidates)

**Full Marks — 100**

(For External and Sightless External Candidates)

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point.*

*Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

| |
|---|
| केवल वर्ष 2019 में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए एवं वर्ष 2017 एवं 2018 में पहली बार असफल (कन्टिन्यूइंग/कम्पार्टमेण्टल/बाह्य कम्पार्टमेण्टल और ई.डब्ल्यू.) परीक्षार्थियों के लिए है। |

(नया पाठ्यक्रम)

['क' विभाग से 'च' विभाग तक दिए गए प्रश्न नियमित तथा बाह्य सभी परीक्षार्थियों के लिए हैं, एवं विभाग 'छ' में दिए गए प्रश्न केवल बाह्य परीक्षार्थियों के लिए हैं।]

'क' विभाग के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अन्य विभाग के प्रश्न वैकल्पिक हैं। 'च' विभाग में केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थी दिए गए वैकल्पिक प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर देंगे। अन्य सभी के लिए मानचित्र चिह्नित करना है।



(नया पाठ्यक्रम)

## विभाग — 'क'

1. किन विकल्पों में से सही उत्तर चिह्नित कीजिए : 1×14=14

1.1 जिस क्रिया द्वारा भू-भाग की ऊँचाई में वृद्धि होती है उसे कहा जाता है :

(a) अधिवृद्धि (b) निम्नीकरण
(c) अपक्षय (d) अनाच्छादन

1.2 पर्वतीय हिमनदों के गोद में बने गहरी दरारों को कहा जाता है :

(a) नूनाटाक (b) हिम दरार
(c) तीक्ष्ण कटक (d) सर्क

1.3 वार्षिक तापान्तर का मात्रा सबसे कम रहता है :

(a) भूमध्यरेखीय जलवायु क्षेत्र में
(b) मौसमी जलवायु क्षेत्र में
(c) भूमध्यसागरीय जलवायु क्षेत्र में
(d) स्टेपी जलवायु क्षेत्र में

1.4 फ्रांस के रोन नदी की घाटी में प्रवाहित होने वाली ठंडी स्थानीय हवा को कहा जाता है :

(a) चिनूक (b) सिराक्को
(c) मिस्ट्रल (d) बोरा

1.5 गर्म जल धारा और ठण्डी जल-धारा जहाँ पर मिलती है उसे कहा जाता है :

(a) हिमं दीवार (cold wall) (b) हिमशैल
(c) हिमस्खलन (d) शैवाल सागर (Sargassum)

1.6 पृथ्वी और चन्द्रमा के बीच सर्वाधिक दूरी को कहा जाता है :

(a) सिजिगी (b) उपभू

(c) अपभू (d) अपसौर

1.7 प्रदूषित जल मनुष्यों के शरीर में यह रोग उत्पन्न करता है :

(a) हैजा (b) दमा

(c) फेफड़ा में कैंसर (d) दृष्टिहीनता

1.8 भारत में राज्यों के पुनर्गठन का आधार है :

(a) भाषा

(b) भूप्राकृतिक समानता

(c) भोजन में समानता

(d) आर्थिक कार्यकलापों में समानता

1.9 गंगा नदी का उद्‌गम स्थल है :

(a) यमोनोत्री हिमनद (b) जेमू हिमनद

(c) सियाचन हिमनद (d) गंगोत्री हिमनद

1.10 भारत का बृहत्तम बहुद्देशीय नदी योजना है :

(a) भाकरा नांगल (b) दामोदर

(c) रिहन्द (d) हीराकुंद

1.11 भारत में प्रति हेक्टयर सर्वाधिक धान उत्पादनकारी राज्य है :

(a) पश्चिम बंगाल (b) उत्तरप्रदेश

(c) पंजाब (d) आन्ध्रप्रदेश





1.12 लौह इस्पात उद्योगों का एक आवश्यक कच्चा माल है :

(a) लौह अयस्क (b) कोयला

(c) मैंगनीज (d) सब ठीक हैं

1.13 सन् 2011 के जनगणना के अनुसार भारत में कुल महानगरों की संख्या है :

(a) 55 (b) 53

(c) 51 (d) 49

1.14 मिलियन शीट स्थलाकृतिक मानचित्रों में अक्षांशों और देशान्तरों का विस्तार होता है :

(a) 15′×15′ (b) 30′×30′

(c) 1°×1° (d) 4°×4°

## विभाग — 'ब'

2. 2.1 निम्नलिखित में सही कथनों के आगे 'T' और गलत कथनों के आगे 'F' लिखिए। (कोई छः प्रश्नों का उत्तर दें) : 1×6=6

2.1.1 अक्षांशों के आधार पर हिमरेखाओं की ऊँचाई में परिवर्तन होते हैं।

2.1.2 एनिमोमीटर की सहायता से वायु की गति नापा जाता है।

2.1.3 महासागर जल लवणता भूमध्यरेखीय क्षेत्रों में सर्वाधिक है।

2.1.4 भारत का सर्वोच्च पठारी भाग ढक्कन का ट्रेप क्षेत्र है।

2.1.5 गंगा के मैदानी भाग में प्राचीन जलोढ़ मिट्टी से बनी क्षेत्र को भांगड़ कहा जाता है।

2.1.6 विशाखापतनम् भारत का एकमात्र नि:शुल्क बन्दरगाह है।

2.1.7 उपग्रह प्रतिबिम्बों में लाल रंग के पट्टी से सड़क पथ प्रदर्शित होता है।

2.2 सठिक शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति करें। (कोई छ: ) : 1×6=6

2.2.1 नदी तली में अपघर्षण द्वारा निर्मित खड्डों को ______ कहा जाता है।

2.2.2 शीत ऋतु में औद्योगिक क्षेत्रों में कुहरे के साथ धूल कण के मिलने के कारण ______ बनती है।

2.2.3 ______ धारा के प्रभाव से न्यूफाउन्डलंड में हिमपात होती है।

2.2.4 रद्दी कागज एक प्रकार का ______ वर्ज है।

2.2.5 उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट प्रवाह ______ वायु को भारत में आने में बाध्य करती है।

2.2.6 भारत का प्रमुख भूखण्ड का दक्षिणतम प्रान्त ______ है।

2.2.7 ______ भारत का सर्वाधिक घनी आबादी वाला शहर है।





2.3 एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिए। (कोई छ:) :— 1×6=6

2.3.1 समशीतोष्ण कटिबन्ध में किस प्रकार की वर्षा होती है ?

2.3.2 सुन्दरवन का कौनसा द्वीप भूमंडलीय तापन के कारण सम्पूर्ण रूप से जलमग्न है ?

2.3.3 भारत के मरुस्थलीय क्षेत्रों में किस प्रकार का प्राकृतिक वनस्पति पाया जाता है ?

2.3.4 लघु ज्वार किस तिथि में उत्पन्न होती है ?

2.3.5 गंगा नदी के प्रवाह मार्ग के किस भाग में सर्वाधिक प्रदूषण पाया जाता है ?

2.3.6 भारत के एक जायद फसल का नाम लिखिए।

2.3.7 वर्षा जल संचय में भारत का कौनसा राज्य श्रेष्ठ है ?

2.3.8 'भारत का सर्वेक्षण विभाग' (Survey of India) का प्रमुख कार्यालय कहाँ स्थित है ?

2.4 बायें स्तम्भ से दायें स्तम्भ को मिलाइए : 1×4=4

| बायां स्तम्भ | | दायां स्तम्भ |
|---|---|---|
| 2.4.1 | ओजोन गैस की प्रमुखता | 1. गुरगाँव |
| 2.4.2 | गन्ने का अनुसंधानशाला | 2. जम्मू-कश्मीर |
| 2.4.3 | बृहत्तम मोटरगाड़ी निर्माण केन्द्र | 3. स्ट्रेटोस्फीयर |
| 2.4.4 | कारेवा | 4. लखनऊ |

(नया पाठ्यक्रम)

## विभाग — 'ग'

3. निम्नलिखित प्रश्नों का संक्षिप्त उत्तर दीजिए। (विकल्प प्रश्न लिखना है) : 2×6=12

3.1 अनाच्छादन किसे कहते हैं ?

अथवा

तापक्रम की विलोमता किसे कहते हैं ?

3.2 अंत: उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ) किसे कहते हैं ?

अथवा

समुद्री धारा का परिभाषा लिखिए।

3.3 अपशिष्ट प्रबन्धन किसे कहते हैं ?

अथवा

रेडियोधर्मी अपशिष्ट से क्या समझते हैं ?

3.4 मलनाड क्षेत्र कहाँ स्थित है ?

अथवा

भारत के कोई दो जल विभाजक क्षेत्रों का नाम लिखिए।

3.5 मोटे अनाज से क्या समझते हैं ?

अथवा

भारत का एक कृषि आधारित उद्योग और एक वन आधारित उद्योग का नाम लिखिए।

3.6 उपग्रह प्रतिबिम्ब की परिभाषा लिखिए।

अथवा

प्रदर्शक भिन्न की क्या उपयोगिता है ?



(नया पाठ्यक्रम)

## विभाग — 'घ'

4. निम्नलिखित की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। (विकल्प प्रश्न लिखें) : 3×4=12

4.1 सीफ बालुकास्तूप और बरखान में तीन अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

तापक्रम एवं वर्षा के ग्राफ से भूमध्यसागरीय जलवायु क्षेत्र को पहचानने के तीन उपाय को संक्षेप में वर्णन कीजिए।

4.2 पर्यावरण पर वर्ज पदार्थों के प्रभाव को संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

अपशिष्ट प्रबन्धन में छात्रों की भूमिका को संक्षेप में लिखिए।

4.3 भारत के उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनस्पति और उष्णकटिबंधीय पतझड़ वनस्पति की विशेषताओं में तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

भारत के उद्योगों के विकास में कच्चेमाल का प्रभाव उदाहरण-सहित व्याख्या कीजिए।

4.4 उपग्रह प्रतिबिम्बों की तीन प्रमुख विशेषताओं को संक्षेप में लिखिए।

अथवा

सुदूर संवेदन व्यवस्था का गुणावगुण का उल्लेख कीजिए।

(नया पाठ्यक्रम)

## विभाग — 'ङ'

(दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए चित्रांकन आवश्यक नहीं है)

5. 5.1 किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2=10

5.1.1 नदी के अपरदन कार्य से बनने वाले तीन प्रमुख स्थल-रूपों का चित्र सहित वर्णन कीजिए।

5.1.2 भूमध्यरेखीय निम्न वायुभार की पेटी तथा ध्रुवीय उच्च वायुभार की पेटियों के बनने के कारकों की व्याख्या कीजिए।

5.1.3 पर्वतीय वर्षा किस प्रकार होती है ? उपयुक्त उदाहरण और चित्र सहित वर्णन कीजिए।

5.1.4 ज्वार भाटा के उत्पत्ति के कारण व्याख्या कीजिए।

5.2 किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2=10

5.2.1 उत्तर और दक्षिण भारत के नदियों की भौतिक विशेषताओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

5.2.2 भारत के जलोढ़ मिट्टी की विशेषता और काली मिट्टी की विशेषताओं की संक्षेप में चर्चा कीजिए।

5.2.3 गेहूँ की कृषि के लिए अनुकूल प्राकृतिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

5.2.4 भारत की परिवहन व्यवस्था का महत्त्व लिखिए।



(नया पाठ्यक्रम)

## विभाग — 'च'

6. प्रश्न-पत्र के साथ दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित उपयुक्त प्रतीक चिह्न एवं नाम सहित प्रदर्शित कीजिए। मानचित्र उत्तर-पत्र के साथ नत्थी कीजिए : 1×10=10

6.1 विन्ध्य पर्वत

6.2 लोकटक झील

6.3 महानदी

6.4 एक वृष्टिछाया प्रदेश

6.5 एक मैनग्रोव वनस्पति क्षेत्र

6.6 एक मरुस्थलीय मिट्टी क्षेत्र

6.7 उत्तर भारत का एक गन्ना उत्पादक क्षेत्र

6.8 पूर्वी भारत का एक भारी इंजीनियरिंग औद्योगिक केन्द्र

6.9 विशाखापतनम् बन्दरगाह

6.10 पश्चिम तट में स्थित एक महानगर।

अथवा

(केवल दृष्टिहीन परिक्षार्थियों के लिए)

6. निम्नलिखित में से किन्हीं *दस* प्रश्नों का उत्तर दीजिए : 1×10=10

6.1 दक्षिण भारत की सबसे लम्बी नदी का नाम लिखिए।

6.2 भारत के पूर्वी तट का बृहत्तम लगून का नाम लिखिए।

6.3 सिन्धु नदी की एक उपनदी का नाम लिखिए जो पंजाब के मैदान में बहती है।

6.4 भारत में किस महीने में काल बैशाखी होती है ?

6.5 एक राज्य का नाम लिखिए जहाँ लैटराइट मिट्टी पाई जाती है।

6.6 भारत के नमकीन मिट्टी वाले क्षेत्रों में किस प्रकार की प्राकृतिक वनस्पति पाई जाती है ?

6.7 भारत में उत्पादित एक बगीचा फसल का नाम लिखिए।

6.8 भारत का बृहत्तम पेट्रो-रसायन उद्योग कहाँ स्थित है ?

6.9 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की सर्वाधिक आबादी वाले राज्य का नाम लिखिए।

6.10 पश्चिम बंगाल का अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का नाम क्या है ?

6.11 मरुस्थलों में स्थित शुष्क नदी घाटियों को क्या कहा जाता है ?

6.12 वायुमंडल के किस परत में आँधी तूफान पाई जाती है ?

6.13 दक्षिण भारत के सर्वोच्च चोटी का नाम क्या है ?

6.14 पश्चिम बंगाल का एक लौह इस्पात उद्योग का नाम लिखिए।





## विभाग — 'छ'

(केवल बाह्य परिक्षार्थियों के लिए)

7. 7.1 किन्हीं *तीन* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×3=6

7.1.1 जलग्रहण क्षेत्र किसे कहते हैं ?

7.1.2 अश्व अक्षांश से क्या समझते हैं ?

7.1.3 ज्वारीय भित्ती किसे कहते हैं ?

7.1.4 विषैले अपशिष्ट क्या हैं ?

7.2 किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×4=4

7.2.1 भारत के राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना कब हुई थी ?

7.2.2 थार मरुस्थल में गतिशील बालुकास्तूपों के नाम बताइए।

7.2.3 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता दर क्या है ?

7.2.4 क्षेत्रफल के अनुसार, भारत का सबसे छोटे राज्य का नाम लिखिए।

7.2.5 भारत का एक सहायक उद्योग का नाम लिखिए।